# 25 विद्यार्थियों का जेईई मेन्स में उत्कृष्ट परिणाम रहा

■ आठ विद्यार्थियों ने 99 पर्सेन्टाइल से अधिक के स्कोर प्राप्त किए

**झुंझुनूं**, (निसं)। अपने सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणामों के लिए विख्यात झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई के विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक बार फिर से शेखावाटी में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है।

जानकारी देते हुए स्कूल निदेशक आकाश मोदी ने बताया कि 24 अप्रैल को घोषित जेईई मेन्स-2024 के परीक्षा परिणामों में झुंझुनूं एकेडमी के 25 होनहार विद्यार्थियों ने शानदार पर्सेन्टाईल के साथ-साथ जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई किया है। उन्होंने बताया कि झुंझुनूं के स्पर्श तुलस्यान ने जेईई मेन्स में 99.86 पर्सेन्टाईल अर्जित कर न केवल स्कूल का बल्कि जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इसके अतिरिक्त जतिन ने 99.52 पर्सेन्टाईल, रूद्राक्ष एवं नंदिनी ने 99.40 पर्सेन्टाईल, प्राचिता ने 99.34 पर्सेन्टाईल, उज्ज्वल ने 99.27 पर्सेन्टाईल, हर्षित ने 99.17 पर्सेन्टाईल, दीपक ने 99.20 पर्सेन्टाईल, गौरव सिंह ने 98.80 पर्सेन्टाईल, अल्केश ने 98.65 पर्सेन्टाईल, मोनल सिंह ने 98.28 पर्सेन्टाईल, मोहित चौधरी ने 97.80 पर्सेन्टाईल, अभिजीत सेवदा ने 97.73 पर्सेन्टाईल, सार्थ शर्मा ने 96.27 पर्सेन्टाईल, इकक्षिता 95.16 पर्सेन्टाईल, वेदांत 94.78 पर्सेन्टाईल, भव्या 94.40 पर्सेन्टाईल, पोषण 92.28 पर्सेन्टाईल, पलक पूनियां ने 90.89 पर्सेन्टाईल, निखिल ने 90.24 पर्सेन्टाईल, अनुराग पूनियां 83.00 पर्सेन्टाईल, पीयूष पूनियां ने 80.00 पर्सेन्टाईल तथा इसके साथ ही कई विद्यार्थियों ने उच्च पर्सेन्टाईल अर्जित कर अपने स्कूल एवं माता-पिता का नाम रोशन किया है।

इस अवसर पर झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी, मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी, गरिमा मोदी, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा, उप प्राचार्या सरोज सिंह, श्यामसुन्दर शर्मा, हेडमिस्ट्रेस उमा शर्मा एवं प्रशासक कमलेश कुलहरि सहित सभी स्कूल पदाधिकारियों एवं स्टाफ मेम्बर्स ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# खेतड़ी क्षेत्र में धड़ल्ले से बिक रही है कोडिन युक्त नशीली दवा

■ पड़ौसी राज्य हरियाणा से नशीले पदार्थों की तस्करी हो रही है

■ युवा नशे का शिकार हो रहे हैं

**खेतडी**, (निसं)। खेतड़ी क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के चलते मेडिकल स्टॉरों पर प्रतिबंध के बावजूद नशीली दवाइयों की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। दवाई की आड़ में नशीली दवाओं को खुले आम बेचकर मेडिकल स्टोर संचालक अधिक मुनाफा कमा कर मालामाल हो रहे है।

शराब की कीमत अधिक होने के कारण लोगों ने तरह तरह के नशे अपनाने शुरू कर दिये हैं। ऐसे में बाजार में बिकने वाली प्रतिबंधित दवाओं का सेवन आम बात हो गई। स्वास्थ्य विभाग ने जिस दवा में कोडिन फॉस्फेट की मात्रा होती है उस पर प्रतिबंध लगा रखा है, इसी के कारण कॉरेक्स में कोडिन फॉस्फेट होने के कारण कॉरेक्स कप शिरप पर प्रतिबंध लगा रखा है जिसके बावजूद भी मेडिकल की दुकानों पर धड़ल्ले से बिक रही है। कारेक्स पर प्रतिबंध लगा देने के बाद दवा बनाने वाली कंपनियों ने उनकी जगह दवा का नाम बदल कर धड़ल्ले से बेच रहे है।

जिसका मेड्रिकल स्टोर वाले इसका भरपूर फायदा उठा रहे हैं।

कुछ दवा दुकानदारों की दुकानदारी तो मात्र इसी पर निर्भर है। सरकारी अस्पताल में दवाई मुफ्त मिलने से मंदी की मार झेल रहे दवा कारोबारियों ने इसे मुनाफे का धंधा समझ कर अपना लिया। नशे के शौकीन लोग इन दवाओं को खूब अपना रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की शिथिलता के चलते मेडिकल की दुकानों पर प्रभावी कार्यवाही नही होने से नशीली दवाओं का कारोबार दिनों दिन बढता जा रहा है।

पिछले दिनों खेतड़ी नगर पुलिस ने राजस्थान रोड़वेज बस में 300 एपकोर्स कफ सिरप की शीशी बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जिसके बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग हरकत में नही आया।

क्षेत्र में प्रतिबंध नशीली दवाइयों को बरामद करने से साबित होता है कि क्षेत्र के मेड्रिकल की दुकानों पर नशीली दवाइयों की बिक्री हो रही है। नशीली दवा चिकित्सकों की पर्ची के बगैर नही दे सकते, लेकिन बिना चिकित्सकों की पर्ची के धड़ल्ले से बिक रही नशीली दवाइयों का प्रभाव आमजन सहित युवा वर्ग पर अधिक हो रहा है। मेड्रिकल की दुकानों पर खुले आम चल रहे नशीली दवाओं के कारोबार को रोकने में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। अगर समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गयी तो नशे की लत से युवा पीढ़ी की जिंदगियां बर्बाद होती रहेगी।

**हरियाणा से आ रही है नशीली दवा**:- नशीली दवा पर प्रतिबंध होने के कारण मेडिकल स्टोर वाले इस दवा को हरीयाणा से लाकर धडल्ले से बेच रहे है। मेडिकल स्टोर वाले ने अपना नाम नही प्रकाशित करने पर बताया कि प्रतिबंधित नशीली दवा डाक्टर की पर्ची पर ही दी जाती है, प्रतिबंधित दवा देने के बाद कागज कार्यवाही पूरी करनी होती है, दवा देने के बाद दवाई का नंबर, किस चिकित्सक की पर्ची पर किस को दवा दी गई है आदि अपडेट करना होता है। दुकानदारो द्वारा इन सब लफड़ों से बचने के लिए हरीयाणा सहित अन्य राज्यों से नशीली दवाईयां मंगवाई जाती है।

डॉ विनय गहलोत, सीएमएचओ नीमकाथाना ने बताया कि मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित नशीले पदार्थ बेचने की जानकारी आपके माध्यम से मिली है। नीमकाथाना में अभी ड्रग इंस्पेक्टर नहीं है। जिसको लेकर झुंझुनूं ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देश देकर टीम बनाकर कार्रवाई की जाएगी।

# ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग का ज्ञापन सौंपा

**पाटन** (निसं)। नीमकाथाना भाजपा पदाधिकारीयों द्वारा क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन, परिवहन निर्गमन एवं ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन जिला कलेक्टर नीमकाथाना को सौंपा है।

ज्ञापन में लिखा है कि नीम का थाना क्षेत्र में 2000 से अधिक ट्रेलर एवं डंपर सड़कों से गुजरते हैं जिसमें अधिकांश वाहन अवैध खनन, परिवहन, निर्गमन एवं ओवरलोड के होते हैं जिसमें सरकार को करोड़ों रुपयों का राजस्व नुकसान उठाना पड़ रहा है। पूर्व में भी भाजपा पदाधिकारीयों ने स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन देकर इनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी, जिसमें 28 जुलाई को अतिरिक्त जिला कलेक्टर नीमकाथाना ,19 दिसंबर 22 जनवरी एवं 27 फरवरी को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन जिला कलेक्टर को दिया गया था, 28 फरवरी को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया गया था, इतना सब कुछ होने के बावजूद भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

23 अप्रैल को ओवरलोड ट्रॉले ने पाटन पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारी जिसमें तीन पुलिस कर्मियों की दर्दनाक मौत हुई, यह सब पुलिस एवं प्रशासन की लापरवाही का बहुत बड़ा उदाहरण है। अगर समय रहते प्रशासन उचित कदम उठा लेता तो शायद क्षेत्र में इतना बड़ा हादसा नहीं होता और ओवरलोड के कारण क्षेत्र की अधिकांश सड़क एवं स्टेट हाईवे सड़क बैठ गई है जिसमें नालियां बन गई है, ऐसी सड़के आए दिन दुर्घटनाओं को न्योता दे रही हैं। भाजपा पदाधिकारीयों ने प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है।

ज्ञापन देने वालों में पूर्व विधायक फूलचंद गुर्जर, पाटन पंचायत समिति प्रधान सुवालाल सैनी, नीमकाथाना पंचायत समिति के उप प्रधान सुरेंद्र खरवास, भाजपा नेता प्रमोद सिंह बाजोर, भाजपा नेता जयप्रकाश लोढ़ा, जिला परिषद सदस्य सुमित गुर्जर, भाजपा नेता महेंद्र गोयल, सुभाष मिठारवाल, वीरेंद्र खरवास, विकास यादव, हरिप्रसाद सैनी, फूलचंद वर्मा, अनिल लाठर ,नरेंद्र सिंह शेखावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### पक्षियों के लिये परिंडा अभियान प्रारंभ



**झुंझुनूं**, (निसं)। हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं द्वारा बढ़ती गर्मी और धूप को देखते हुए परिंडे लगाकर ''कुछ पल कुछ पल बेजुबानों के लिए'' अभियान हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के सहायक राज्य संगठन आयुक्त प्रदीप ईशरवाल और सहायक जिला सचिव सुदीप कुमार की उपस्थिति में महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खिदरसर से प्रारंभ किया गया। परिंडे लगाकर बच्चों को परिंडों में रोज पानी डालने की जिम्मेदारी दी गई। सहायक राज्य संगठन आयुक्त प्रदीप ईशरवाल ने कहा कि हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि गर्मी में घर पर कम से कम एक परिंडा लगाकर उसमे पानी डालेंगे। सहायक जिला सचिव सुदीप कुमार ने बताया कि हिंदुस्तान स्काउट गाइड के द्वारा गर्मियों में प्रत्येक ग्रुप पर ''कुछ पल बेजुबानों के लिए'' अभियान के तहत परिंडे लगाए जाएंगे और हर स्काउट और गाइड को संकल्प लेकर घर पर भी बेजुबानों के लिए दाने पानी कि व्यवस्था करनी चाहिए। इस अवसर पर हिंदुस्तान स्काउट गाइड के आशीष कुमार, नीरज कुमार, रजनी, सरिता सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्रा मौजूद थे।

### कृषि उपज मंडी का दौरा किया

**चिड़ावा** (निसं)। एसडीएम बृजेश गुप्ता गुरुवार को अचानक स्टेशन के पास सुलताना रोड स्थित कृषि उपज मंडी में निरीक्षण के लिए पहुंचे। यहां पर एसडीएम ने तुलाई, माप और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मंडी सचिव प्यारेलाल ने खरीद को लेकर जानकारी दी। कर्मचारियों ने ट्ययूबवेल सूखने से पेयजल समस्या होने का दुखड़ा रोया और नए ट्ययूबवेल की मांग की। जिस पर एसडीएम ने नए ट्ययूबवेल का आश्वासन देते हुए अस्थायी तौर पर टैंकर से पानी मंगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान मौजूद किसानों से बातचीत भी की। किसानों के लिए पर्याप्त पेयजल और छाया की व्यवस्था के साथ ही उनसे जुड़े कामकाज अटकाने की बजाय जल्द से जल्द निपटाने के आदेश मंडी सचिव को दिए। एसडीएम ने किसानों को होने वाली अन्य समस्याओं को लेकर भी चर्चा की। दुकान और गोदामों को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कैलाश सिंह कविया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**झुंझुनूं**, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा जारी एक्शन प्लान अप्रेल 2024 की अनुपालना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झुंझुनूं के निर्देशन में तालुका विधिक सेवा समिति नवलगढ़ के अधिवक्ता सुभाषचंद्र आर्य द्वारा न्यायालय परिसर में सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में अधिवक्ता ने बताया कि सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएं सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाएं हैं। जो नागरिक की आवश्यकताओं के लिए आवश्यक हैं। उदाहरण के लिए इन सेवाओं में घरों में पानी की आपूर्ति, बिजली की आपूर्ति, डाक प्रणाली, बैंकिंग प्रणाली, रेलवे आदि शामिल हैं।

### शिविर में 115 महिला रोगी लाभान्वित

**झुंझुनूं**, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं अपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता सोनी अपेक्स हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिला रोगियों की बीपी, शुगर एवं ब्लड की जांच कर परामर्श दिया गया। गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी भी निशुल्क की गई। उपस्थित महिलाओं को स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देकर बीमारियों से बचाव के लिए टिप्स दिए। उपरोक्त कार्यक्रम में शिविर संयोजक पवन कुमार खेतान, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर श्याम सुंदर जालान, रीजन सेकेट्री महेश कुमार मूंड, एनआरआई मुबारक अली पहाड़ियान, देवेंद्र कुमार गौड़, सुमेरसिंह कर्णावत, अकराज कुरैशी एवं काफी संख्या में वीर वीराएं व गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### जागरूकता वाहन को रवाना किया

**झुंझुनूं**, (निसं)। गुरुवार को मलेरिया दिवस के अवसर पर सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने जागरूकता वाहन को सीएमएचओ ऑफिस से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डिप्टी सीएमएचओ हेल्थ डॉ. भंवरलाल सर्वा, एपिडिमियोलोजिस्ट डॉ. कुलदीप फौजदार, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी राजेंद्र जांगिड़ सहित स्टाफ मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ. डांगी ने बताया कि जिले में मलेरिया क्रैश कार्यक्रम में 761 दलों द्वारा सर्वे कर सोर्स का पता लगाकर उन्हें नष्ट करने का कार्य किया जा रहा है। सरकारी कार्यालयों और निजी कार्यालयों में प्रत्येक शुक्रवार और आमजन को प्रत्येक रविवार को ड्राई डे मनाने के लिए निर्देशित किया गया है। हर रविवार को कूलर, गमले पानी की टंकी आदि को साफ कर फिर से भरे।

### मच्छरों से बचाव की जानकारी दी

**झुंझुनूं**, (निसं)। विश्व मलेरिया दिवस पर गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ ने जिलेभर की सरकारी और निजी स्कूलों में पहुंचकर स्कूली बच्चों को मच्छरों से बचाव के तरीकों के बारे में बताया। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने बताया कि गुरूवार को मलेरिया दिवस के अवसर पर मच्छर जनित रोगों से बचाव की जानकारी के लिए जिलेभर में 761 दलों द्वारा स्कूली बच्चों के बीच जाकर पोस्टर के प्रदर्शन कर जानकारी दी।

# विद्युत लाईन का क्षतिग्रस्त विद्युत पोल टूटकर गिरा

**सादुलपुर**, (निसं)। कस्बे के मोहल्ला नरडीयान वार्ड 20 मदनी चौक के पास बुधवार रात्रि को क्षतिग्रस्त विद्युत पोल के गिरने से मोहल्ले मे रातभर बिजली गुल रहने के कारण लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर आक्रोश जताया।

शौकत पलम्बर, अदरीश चौहान, अख्तर, मेजर सरताज, हारून, सुल्तान, फजलू, वसीम सहित मोहल्ले के अनेक लोगों ने विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर आक्रोश जताते हुए बताया कि 11हजार केवी विद्युत लाईन का यह पोल पूर्व में क्षतीग्रस्त था, जिसको लेकर विद्युत विभाग को बदलने के लिए अवगत भी करवाया गया था, लेकिन विद्युत विभाग की अनदेखी के कारण बुधवार रात्रि को वार्ड 2० मदनी चौक के पास स्थित उक्त विद्युत पोल गिर गया, जिसके कारण पूरे मोहल्ले की बिजली गुल हो गई तथा रास्ता बन्द हो गया। गनीमत ये रही कि मौके पर विद्युत पोल के पास कोई नहीं था, अन्यथा बडा हादसा हो सकता था। शोकत पलम्बर ने बताया कि विद्युत पोल के गिरने से रास्ता भी बन्द है तथा पुरे मोहल्ले में विद्युत सप्लाई नहीं होने के कारण घरों में फ्रीज में रखा सामान खराब हो गया है और रात को लाईट नहीं होने के कारण बच्चे भी सो नहीं पाये, जिसके चलते बच्चे भी स्कूल नहीं जा पाये। मोहल्लेवासियों ने बताया कि विद्युत विभाग को इस संबन्ध में अवगत करवाया जा चूका है, मगर अभी तक कोई भी अधिकारी व कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे है, जिसके कारण मोहल्लेवासियों में रोष पनपता जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि शिघ्र ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो मोहल्लेवासी रास्ता रोककर आदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी समस्त प्रकार की जिम्मेदारी विभाग की होगी।

# जिला कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक ली

**सीकर** (निसं)। जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी की अध्यक्षता में गुरूवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर चौधरी ने सभी अधिकारियों से राजस्व मामलों की प्रगति रिपोर्ट ली तथा संबंधित अधिकारियों को उनसे संबंधित राजस्व कार्यों को मिशन मोड पर लेकर उनका त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने कहा कि अधीनस्थ न्यायालयों में जो लंबित मामले चल रहे है, उनसे संबंधित अधिकारी मिशन मोड पर लेकर उनका निस्तारण करने के साथ ही एलआर एक्ट के तहत विचाराधीन मामलों के निस्तारण के लिए प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में नामांतरण और रास्तों के मामले जो वर्षों से लंबित चल रहे हैं, उनकों आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति करवाकर प्राथमिकता से निस्तारण करें और भू-रूपांतरण और आवंटन के लंबित आवेदनों का समयबद्धता के साथ निस्तारण करें। सार्वजनिक रास्तों के सीमांकन एवं सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को नक्शों में रास्तों एवं सड़कों की स्थिति दर्ज करने, खाता विभाजन और बंटवारे के प्रकरणों का प्रत्येक पटवार मंडल में निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने निर्देश दिये कि हर माह की 20 से 25 तक आरओ बैठक हो जानी चाहिए। उन्होंने 91ए के चारागाह भूमि पर अतिक्रमण के प्रकरणों में संबंधित तहसीलदार को मौके पर संबंधित क्षेत्र के कच्चे-पक्के घरों का सर्वे करवाया जाने,घरों की आर्थिक स्थिति का आंकलन करने, आस-पास कोई बस्ती स्थापित है या नहीं, इन सभी की तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार कर भिजवाने के निर्देश दिये। सम्पर्क पोर्टल के प्रकरण भी तत्काल निस्तारण करवायें। सभी राजस्व अधिकारी राजस्व प्रकरणों में तहसीलवार लक्ष्य निर्धारित कर प्रकरणों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीकर रणजीत सिंह ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि सुमेटों के प्रकरणों के निस्तारण में एक रूपता होनी चाहिए। उन्होंने राजस्व नियम 136 के संबंध में सभी अधिकारियों से चर्चा कर यह निर्देशित किया गया कि आटो रिएक्शन का रिव्यू कर तहसीलदार परिवादी को राहत देना सुनिश्चित करें

# भाकरां में पीने के पानी का संकट गहराया

■ ग्रामीणों ने की टैंकरों से पेयजल आपूर्ति करवाने व सार्वजनिक कुओं पर बड़ी मोटर लगवाने की मांग की

■ पेयजल किल्लत आमजन एवं पशुओं के लिए मुसीबत बनती जा रहा है

**सादुलपुर**, (निसं)। सर्दी में सबसे ठण्डा एवं गर्मी में सबसे गर्म रहने वाले एरिया चूरू जिले की राजगढ तहसील क्षेत्र के गांव भाकरां में भीषण गर्मी के मौसम में पीने के पानी की किल्लत से ग्रामीण परेशान हैं।

हालांकि पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होते ही अंचल में निरंतर तापमान में वृद्धि जारी है। भीषण गर्मी के चलते उपखंड के गांव भाकरां में पीने के पानी की किल्लत दिन रात आमजन एवं पशुओं के लिए मुसीबत बनती जा रही है। भाकरां के ग्रामीण नेतराम मेहरा ने बताया की गर्मी को मध्यनजर रखते हुए स्थानीय जलदाय विभाग गांवों में टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति करें तथा जिन गांवों में जलदाय विभाग के अधिन सार्वजनिक कुएं संचालित है और जो गांव उपखंड के अभी तक जल जीवन मिशन योजना से नहीं जुडे हैं, वहां पर चल रहे सार्वजनिक कुओं पर छोटी मोटरों को बदलकर बडी मोटर स्टार्टर गांवों को उपलब्ध करावे जाएं ताकि पीने के पानी से परेशान ग्रामीणों को राहत मिल सके।

मेहरा ने बताया कि कुछ जगह जलदाय विभाग द्वारा सार्वजनिक संचालित कुओं का भूमिगत जल नीचे चला गया है, वहां पर गहरा बोरिंग करके जलापूर्ति करने का काम किया जावे ताकि भीषण गर्मी के मौसम में आमजन को पानी की किल्लत का सामना नहीं करना पड़े।

# खेतड़ी कस्बे के शनि मंदिर में बनी पानी की टंकी तोड़ी, ग्रामीणों के विरोध जताया

**खेतड़ी**, (निसं)। खेतड़ी कस्बे के शनि मंदिर में बनी पानी की टंकी तोड़ने पर ग्रामीणों के विरोध के बाद प्रशासन हरकत में आया है। नगरपालिका व पुलिस के अधिकारियों ने घटनास्थल का मौका निरीक्षण कर टंकी तोड़ने वालो के खिलाफ एफआईआर करवाने के निर्देश दिए है।

पालिका ईओ रिषि देव ओला ने बताया कि कस्बे के शनि मंदिर के पास भामाशाह की ओर से सार्वजनिक चौक में आमजन के लिए पानी की टंकी का निर्माण करवाया गया था। जिसका उपयोग मंदिर में आने वाले लोगों द्वारा किया जाता था। इस दौरान आसपास के लोगों ने मौखिक व लिखित रूप से नगरपालिका


■ टंकी तोड़ने वालों पर एफ.आई.आर. करवाई जाएगी

में शिकायत दी कि कुछ लोगों ने मंदिर के पास बनी पानी की टंकी को तोड़ दिया तथा निर्माण कार्य करना चाहते है। ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए निर्माण कार्य को बंद कर दिया। इस दौरान मौके पर जाकर जानकारी जुटाई तो सामने आया कि यह जगह सार्वजनिक चौक के रूप में दर्ज है तथा इसमें पानी की टंकी व पशुओं के पानी पीने के लिए खेल्ल बनी हुई थी।

इस दौरान कोषाध्यक्ष से बात कर निर्माण कार्य नहीं करने के निर्देश दिए गए है तथा ग्रामीणों की शिकायत पर पानी की टंकी तोड़ने वालो के खिलाफ मामले की जांच के बाद थाने में एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

ग्रामीण गौतम मेहरा ने बताया कि मंदिर के पास बनी पानी की टंकी का आमजन के हित में उपयोग होता था, लेकिन कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए पानी की टंकी को तोड़कर दुकानों का निर्माण करना चाहते है। जब इसकी भनक ग्रामीणों को लगी तो ग्रामीण विरोध में आ गए तथा पानी की टंकी तोड़ने वालो के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर से मिलकर कार्रवाई की मांग करेगा। यदि इसके बावजूद भी पानी की टंकी तोड़ने वालो के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीणों की ओर से बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। वहीं सार्वजनिक हित के उपयोग में होने वाली पानी की टंकी का दोबारा से निर्माण कार्य शुरू करवाया जाए। इस मौके पर पालिका एसआई सुनील कुमार सैनी, एएसआई कैलाश चंद, गौतम मेहरा, प्रवीण कुमार, विकास सेन, मनोज कुमार, अशोक कुमावत, भंवरलाल, नरेश कुमावत सहित अनेक लोग मौजूद थे।



पानी की टंकी तोड़ने पर पुलिस ओर पालिका के अधिकारियों ने निरीक्षण किया

# खेजड़ी के पेड़ से गिरने से युवक की मौत

**सादुलपुर**, (निसं)। हमीरवास थाना क्षेत्र के गांव भाकरा में खेजडी के पेड से गिर जाने के कारण एक युवक की मौत हो गई थाना अधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि रतन सिंह दतंक पुत्र चून्नाराम जाट निवासी भांकरा ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि 24 अप्रैल 2024 को दोपहर बाद तीन बजे के लगभग वह तथा उसका भाई कमल सिहं पुत्र हेतराम निवासी भाकरां खेत में कृषि का कार्य कर रहे थे।

■ पुलिस ने किया मामला दर्ज

उसका भाई कमल सिंह पुत्र हेतराम उम्र 42 वर्ष जाट खेजडी की छगाई हेतू खेजडी पर चढ गया और छंगाई करने लगा तो, अचानक उसका पैर फिसल गया और वह जमीन पर गिर गया। उसी दौरान वह भी खेत में थोडी दुर पर काम कर रहा था।

भाई के गिरने के बाद वह मौके पर पहुंचा तो देखा कि वह बेहोश है। उपचार के लिए गांव लेकर पहुंचा तो उसके भाई कमल सिंह की मौत हो गई।

सूचना पर हमीरवास थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना का मौका निरीक्षण किया एवं मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव उसके परिजनों को सौंप दिया है।

# संभागीय आयुक्त ने अधिकारियों की बैठक ली

**सीकर**, (नि.सं.)। संभागीय आयुक्त सीकर वंदना सिंघवी ने गुरूवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक लेकर स्वच्छ वातावरण निर्माण के लिए गंभीर होकर कार्य करने के निर्देश दिए।

संभागीय आयुक्त ने कहा कि समस्त कार्यालयों में साफकृसफाई करवाते हुए सकारात्मक वातावरण निर्माण की दिशा में सभी का सहयोग अनिवार्य है। स्वच्छ कार्य स्थल से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और कार्य क्षमता में बढ़ोतरी होती है। सभी अधिकारी इसे गंभीरता से लें तथा आने वाले दो सप्ताह में प्रत्येक शनिवार व रविवार को अपने.अपने कार्यालयों को स्वच्छ बनाने का लक्ष्य पूर्ण करें।

संभागीय आयुक्त सिंघवी ने अस्पतालों में साफ.सफाई पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में हीट वेव से बचाव के लिए जनजागरूकता के संबंध में स्कूलों में वॉलपेंटिंगए होर्डिंग्स लगानेए पोस्टरए पम्पलेटए ऑटो टीपर में संदेश देने के लिए नगर परिषद एवं जिला परिषद के समन्वय से आईईसी गतिविधियों से प्रचारकृप्रसार करने के बारे में कहा। उन्होंने पानीए बिजली से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण में विशेष मॉनिटरिंग कर सभी आवश्यक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल व्यवस्थाएं सुचारू रखने के साथ ही जल जीवन मिशन में पेयजल की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा प्रत्येक विभागीय अधिकारियों को अपने फील्ड में आने वाली समस्याओं का 15 दिन में चिन्हीकरण कर निस्तारण करने के निर्देश दिये।

प्रतिदिन जनसुनवाई के निर्देश देते हुए संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने कहा कि जैसा व्यवहार हम स्वयं के लिए चाहते हैंए वैसा सभी परिवादियों के साथ करें। बहुत उम्मीद और मजबूरी में आमजन सरकारी कार्यालयों में आते हैं। परिवादी के होने लायक कार्यों का त्वरित निस्तारण हो तथा नहीं होने लायक कार्यों के समाधान के लिए संवेदनशील होकर आवश्यक मार्गदर्शन दें। कार्यालय के बाहर जनसुनवाई समय का बोर्ड चस्पा करवाएं व समस्याओं का वास्तविक निस्तारण किया जाए। किसी क्षेत्रए गांव या समूह विशेष की समस्याओं का विभाग अपने स्तर पर भी चिन्हीकरण करें जिससे आवश्यक स्तर पर समाधान करवाने के लिए प्रस्ताव भिजवाए जा सकें।

संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने कहा कि अधिकारी स्वयं समय पर कार्यालय पहुंचे। ऐसा होने पर कार्यालय स्टाफ खुद समय की पाबंदी को फोलो करेगा। उन्होंने सभी राजकीय कार्यालयों में नियमित साफकृसफाई के निर्देश दोहराते हुए कहा कि साफ.सफाई को लेकर सभी विशेष ध्यान देवेंए रद्दी एवं अनुपयोगी सामान का नियमानुसार निस्तारण करें।

संभागीय आयुक्त ने कहा कि अपने कार्मिकों की समस्याओं पर भी ध्यान दें तथा उन्हें व्यक्तिगत रूप से देखें। कार्मिकों के प्रति संवेदनशीलता रखने से भी उन्हें प्रोत्साहन मिलेगा और उनकी कार्यक्षमता बढ़ेगी।

संभागीय आयुक्त ने कहा कि संपर्क पोर्टल पर प्राप्त होने वाले प्रकरणों का उचित समय पर निस्तारण करना सुनिश्चित करेंए जिससे आमजन को समस्याओं से समय पर निजात मिल सके। उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एवं जिला शिक्षा अधिकारी को प्रत्येक पंचायत समिति में पांच प्राइमरीए पांच उच्च प्राथमिक तथा 5 बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालयों को मॉडल स्कूलों के रूप में विकसित किए जाने के लिए समन्वित कार्ययोजना बनाकर स्कूलों में शौचालयएपेयजल जैसी सुविधाओं को मॉडल रूप में विकसित करवाने के निर्देश दिए।

संभागीय आयुक्त सिंघवी ने सभी विभागों को विभागीय योजनाओं का एक विजन डोक्यूमेंट तैयार करनेएविद्युत विभाग को विद्युत फीडरों का निर्माण कार्य समयबद्धता के साथ पूर्ण करवानेएशिक्षा विभाग को बच्चों की प्रार्थना सभा छाया में करवाने ए विद्यालयों में साफकृसफाई रखनेए परिवहन विभाग को ओवर लॉडिंग वाहनों की रोकथाम के लिए सघन अभियान नियमित रूप से चलाने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का चिन्हीकरण करनेएसार्वजनिक निर्माण विभाग को सड़क के दोनों और कंटीली झाडियों की कटाई करानेए निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता का ध्यान रखनेए खनिज विभाग को राजस्व वसूली शतकृप्रतिशत करवानेए पशुपालन विभाग को मोबाईल पशु चिकित्सा यूनिट का एक रूट चार्ट तैयार कर जहां पशु चिकित्सा उपलब्ध नहीं होए ऐसी जगह सप्ताह में एककृदो बार भिजवाने के निर्देश दिये ताकि ग्रामीणों को पशु चिकित्सा सुविधाएं मिल सके। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग को शहर की मेजर सड़कों पर सफेद लाईनिंग करवाने के निर्देश दिये ताकि लोग सड़क पर वाहन नहीं खड़ा करें।



संभागीय आयुक्त सीकर वंदना सिंघवी ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक लेकर निर्देश दिए।